आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के संबंध में निम्नलिखित कौन-सी एक टिप्पणी सत्य नहीं है?

(a) यह आंदोलन अहिंसक था

(b) उसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था

(c) यह आंदोलन स्वतः प्रवर्तित था

(d) इसने सामान्य श्रमिक वर्ग को आकर्षित नहीं किया था।

2. भारत छोड़ो आन्दोलन किसकी प्रतिक्रिया में प्रारम्भ किया गया?

(a) कैबिनेट मिशन योजना

(b) क्रिप्स प्रस्ताव

(c) साइमन कमीशन रिपोर्ट

(d) वेवेल योजना

3. कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम लीग ने भी क्रिप्स मिशन को क्यों अस्वीकार किया?

1. वह पाकिस्तान के मुद्दे पर स्पष्ट आश्वासन चाहती थी।
2. वह केन्द्रीय विधानमंडल में कांग्रेस के साथ बराबरी के स्तर पर सरकार का गठन चाहती थी।

कूटः

(a) केवल 1　　(b) केवल 2

(c) 1, 2　　(d) कोई नहीं

4. द्वितीय विश्वयुद्ध के आरम्भ होने के पश्चात् कांग्रेस मंत्रिमंडल ने त्यागपत्र क्यों दिया?

1. सरकार ने युद्ध में भारत को शामिल करने से पूर्व भारत में जनमत संग्रह नहीं कराया।

2. सरकार ने पृथक निर्वाचन को समाप्त नहीं किया।

कूट:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1, 2
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5\. कथन (A) : लॉर्ड लिनलिथगो ने 1942 ई. के अगस्त आन्दोलन को सिपाही विद्रोह के बाद सर्वाधिक गम्भीर विद्रोह कहा था।

कारण (R) : कुछ क्षेत्रों में किसान व्यापक जनआन्दोलन में उठ खड़े हुए थे।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।